
आई टी एल पब्लिक स्कूल
पुनरावृत्ति मध्यावधि परीक्षा (2025-26)
विषय- हिंदी

दिनांक ः सितंबर 2025 कक्षाः चतुर्थ
समय ः 2 घंटे कुल अंक ः 50
अनुक्रमांकः निरीक्षक हस्ताक्षरः
नामः परीक्षक हस्ताक्षरः

सामान्य निर्देश- 1) इस कार्य पत्रिका में 3 पृष्ठ, 4 भाग और कुल 11 प्रश्न हैं।
2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3) सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सुंदर व साफ़ लिखाई में उत्तर दीजिए।

| | भाग क पठन कौशल | 5 |
|---|---|---|
| प्रश्न 1 | नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br>माता-पिता बच्चों के आदर्श होते हैं। वे जैसा व्यवहार करते हैं ,जिस भाषा में बोलते हैं,बच्चे भी वैसा करते हैं। बच्चे गीली मिट्टी के समान होते हैं। उन्हें जिस आकार में ढालो, वे ढल जाते हैं। जिस तरह गीली होने के कारण मिट्टी को मनचाहा आकार दिया जा सकता है,एक आकार पसंद न आने पर दूसरा आकार बदला जा सकता है,उसी प्रकार बच्चों को संस्कार दिए जा सकते हैं। उनकी गलत आदतें बदली जा सकती हैं। संस्कारशील माता-पिता की संतानें भी संस्कारशील होती हैं। महात्मा गांधी के सत्य -प्रेम ,अहिंसा,त्याग और भक्ति के मूल में उनके माता-पिता द्वारा दिए गए संस्कार थे। | |
| | 1) माता-पिता किनके आदर्श होते हैं ?<br>क) लोगों के ख) बड़ों के ग) बच्चों के घ) प्रेम के | |
| | 2) माता-पिता की किस बात का बच्चों पर प्रभाव पड़ता है ?<br>क) व्यवहार का ख) नौकर का ग) पैसों का घ) गाड़ी का | |
| | 3) बच्चों को किस मिट्टी के समान कहा गया है ?<br>क) लाल मिट्टी ख) संस्कारी मिट्टी ग) गीली मिट्टी घ) चिकनी मिट्टी | |
| | 4) महात्मा गांधी में उनके माता -पिता द्वारा दिए हुए संस्कार कौन- कौन से थे?<br>उत्तरः महात्मा गांधी के सत्य -प्रेम ,अहिंसा,त्याग और भक्ति के मूल में उनके माता-पिता द्वारा दिए गए संस्कार थे। | |
| | (5) दिए गए शब्दों के विलोम गद्यांश में से ढूँढकर लिखिए।<br>(क) असत्य -सत्य (ख) सूखी- गीली (ग) नापसंद- पसंद | |
| | भाग -ख भाषा कौशल | 20 |
| प्रश्न 2 | निम्नलिखित वाक्यों में उचित क्रिया शब्द भरें।<br>(क) राहुल के पिताजी ने गेंद पकड़ी ।<br>(ख) खाने से पहले अपने हाथ धोने चाहिए। | |

| | | |
|---|---|---|
| | (ग) मैं जर्मन भाषा सीख रहा हूँ।<br>(घ) हलवाई ने समोसे  बनाए।<br>(ङ) हवा के चलने से पेड़ के पत्ते हिलने लगे ।<br>(च) बच्चे को बाज़ार ले जाओ । | |
| प्रश्न 3 | चित्र देखकर उचित क्रिया शब्द लिखिए।<br>(क)  (ख)  (ग)  <br>तैरना दौड़ना सोना | |
| प्रश्न 4 | रिक्त स्थान में उचित संज्ञा शब्द भरें।<br>(क) मैंने धोबी  को कपड़े प्रेस करने को दिए।<br>(ख) एक बड़ा -सा चूहा ___घर___ में घुस आया।<br>(ग) ___मोहन___ ने मुरगी को दाना खिलाया।<br>(घ) पुलिस ने ___चोर___ को पकड़ लिया।<br>(ङ) बगीचे की ___हरियाली /सुंदरता___ देखकर मन खुश हो गया। | |
| प्रश्न 5 | निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों के भेद लिखिए।<br>(क) सड़क के किनारे बच्चा बैठा था। जातिवाचक संज्ञा<br>(ख) पिताजी अपने बचपन में बहुत शरारती थे । भाववाचक संज्ञा<br>(ग) माँ ने सामान खरीदने के बाद दवाई ली। जातिवाचक संज्ञा<br>(घ) नए साल की सजावट बहुत अच्छी थी । भाववाचक संज्ञा<br>(ङ) आज हम अक्षरधाम घूमने जाएँगे। व्यक्तिवाचक संज्ञा | |
| प्रश्न 6 | दिए गए शब्दों के दो- दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।<br>(क) शिक्षक - अध्यापक आचार्य (ख) गिरि -पहाड़ पर्वत<br>(ग) उल्लास - खुशी प्रसन्नता (घ)संध्या - शाम सायं | |
| | भाग- ग साहित्य कौशल | **20** |
| प्रश्न 7 | कविता की पंक्तियाँ पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br>भोजन में हो खूब सलाद<br>इसका है अपना अंदाज़ , | |

| | | |
|---|---|---|
| | मूली, टमाटर, गाजर खाना<br>पालक को भी भूल न जाना ,<br>भुंजा सत्तू नियमित खाएँ<br>वैद्य- हकीम घर ना आएँ।<br>क) भोजन में किस चीज़ का अपना अंदाज है?<br>उत्तरः सलाद का<br>ख)नियमित रुप से क्या खाना चाहिए?<br>उत्तरः नियमित रुप से भुंजा सत्तू  खाना चाहिए।<br>ग)  भुंजा सत्तू खाने से क्या होगा ?<br>उत्तरः  वैद्य हकीम घर नहीं आ सकेंगे  । हम बीमार नहीं पड़ेगे।<br>घ) पंक्तियों में से दो तुकबंदी शब्द ढूँढ़कर लिखिए।<br>उत्तरः खाना- जाना ,खाए- आए। | |
| प्रश्न 8 | रिक्त स्थान में उचित शब्द भरें।<br>(क) महाबली का राज्य पृथ्वी, स्वर्ग और ———पाताल———— तक फैला हुआ था।<br>(ख) महाविष्णु ने ———महाबली——— की प्रार्थना स्वीकार कर ली।<br>(ग) वाह !सचमुच दुनिया कितनी ———मज़ेदार———— है।<br>(घ)घोंघा ———बारिश ———के  मौसम में अधिक दिखता है। | |
| प्रश्न9 | नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर **20-30** शब्दों में दें।<br>(क) घोंघे को मैदान व पेड़ कैसा लगा?<br>उत्तर: घोंघे को मैदान बहुत बड़ा व पेड़ बहुत ऊँचा लगा।उसे देखकर वह चकित हो गया।<br>(ख) घोंघे ने पहली बार किसे देखा था वह जीव कैसा था?<br>उत्तरः  घोंघे ने पहली बार लाल चींटी को देखा था।उसके लंबे -लंबे पतले पैर थे।<br>(ग)“ताज़ा खाना हरदम खाओ, नहीं बहाना कभी बनाओ।”इस पंक्ति के माध्यम से क्या संदेश दिया गया है?<br>उत्तरः यही कि हमें हमेशा ताज़ा और पोषक युक्त भोजन खाना चाहिए और कभी कोई बहाना नहीं बनाना चाहिए।<br>(घ) ओणम का त्योहार कब मनाया जाता है और कौन सी दौड़ आयोजित की जाती है?<br>उत्तरः ओणम का त्योहार श्रावण महीने में श्रावण नक्षत्र के दिन मनाया जाता है।ओणम के त्योहार पर नौका दौड़ आयोजित की जाती है। | |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न10 | नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर **30-40** शब्दों में दें।<br>(क) क्या देखकर घोंघे को माँ की बात याद आती थी?<br>उत्तरः उद्यान की दीवार में छेद देखकर घोंघे को यह बात याद आती थी कि उसकी माँ उससे कहती थीं, "वहाँ कभी मत जाना। वह दुनिया हमारी दुनिया से बहुत अलग है ।"<br>(ख) हमें भूख से अधिक खाने पर पछताना क्यों पड़ता है?<br>उत्तरः हमें भूख से अधिक खाने पर पछताना इसलिए पड़ता है क्योंकि इससे हमारी सेहत पर बुरा असर पड़ता है जिससे पेट दर्द और पाचन संबंधी समस्याएँ हो सकती है । | |
| | भाग- घ लेखन कौशल | |
| प्रश्न11 | दिए गए विषय पर **10-12** पंक्तियों में अनुच्छेद लिखें।<br>गणतंत्र दिवस<br>छात्र अपनी रचनात्मकता के आधार पर स्वयं लिखेंगे। | **5** |